राज्य फोरम के संरक्षक की कलम से

लल्लू राम (एल.आर.) गुप्ता
संरक्षक
शिक्षाविद व समाजसेवी
राज्य स्तरीय सम्मानित 1977

राज्य के पुरस्कृत शिक्षक सामान्य शिक्षक से ऊपर विशिष्ट हैं। शैक्षिक उन्नयन व समाज के लिए कार्य करने का उनका दायित्व बनता है। बड़ी अच्छी बात है कि हमारी फोरम ने वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण बचाव व पीड़ितों की मदद के लिए कार्य किया है। शिक्षा जगत और समाज में अलग से विशेष पहचान सम्मान प्राप्ति के उपरान्त बनती है। लेकिन इसके बाद इसको कायम रखना और अधिक बढ़ाना ये सब नेक कार्य करने पर ही निर्भर करता है। तभी समाज हमें आदर की दृष्टि से देखेगा। अभी कोरोना महामारी के बचाव के लिए राज्य के पुरस्कृत शिक्षकों ने आर्थिक सहायता देकर के तथा समाज को कोरोना संक्रमण से बचाव का सन्देश जिलों में रैलियों के माध्यम से दिया है। साथ में मास्क वितरण करके जरूरतमन्द लोगों की सहायता करके अपने सम्मान की गरिमा बढ़ाई है। राज्य के पुरस्कृत शिक्षकों द्वारा कोरोना से संक्रमण काल में कोविड-19 फंड के लिए बड़ी धनराशि एकत्रित करना और उसे मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा कराना। इसके बाद में जरूरतमन्द आमजन लोगों की सहायता करना उन्हें जागृत करना तथा कोरोना योद्धाओं का सम्मान करके शिक्षक समाज में विशिष्ट छवि बनाई है।

किये गये नेक कार्यों के लिए मेरी तरफ से हार्दिक बधाई और आशीर्वाद।

लल्लू राम (एल.आर.) गुप्ता

अध्यक्ष जी की कलम से

सुश्री निर्मल ग्रोवर
अध्यक्ष
पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान

पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान ने कोरोना महामारी विपदा में राज्य के पुरस्कृत शिक्षकों ने सभी जिला इकाईयों के पदाधिकारियों के सहयोग से मुख्यमंत्री सहायता कोष कोविड-19 के लिए 11 लाख 21 हजार रुपये राशि का योगदान दिया है। राज्य इकाई के आह्वान पर और आप लोगों के विश्वास से ही यह संभव हो सका है। हम सभी ने मिलकर के इस अच्छे कार्य को करने में अपनी ही जिम्मेदारी समझी यह बड़ी बात है। हम सभी ने एकजुटता का परिचय देते हुए स्वेच्छा से अप्रत्याशित कार्य करके दिखाया। आज हम शिक्षक समाज, शिक्षा विभाग, सरकार तथा समाज में उदाहरण बन गये। इस कार्य में कठिनाईयां आई थी। लेकिन अभियान नेक था और हममें आत्मविश्वास और उत्साह था। इसी कारण लोकडाउन के समय के डिजिटल माध्यम से राशि जमा कराना सामान्य शिक्षक के लिए कठिन था। हमारे द्वारा कोरोना वैश्विक महामारी के बचाव के लिए किए गये कार्यों की आज भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है।

सहायता राशि देने के अलावा राज्य जिला, ब्लॉक व ग्राम स्तर पर राज्य इकाई तथा जिला इकाईयों द्वारा मास्क, सेनेटाइजर, खाद्य सामग्री, काढ़ा, पी.पी.ई. किट्स व साबुन आदि का वितरण आम लोगों को किया गया। कोरोना बचाव के लिए जन जागरण रैलियां निकाली। पोस्टर्स, बैनर्स व पम्पलेट्स से भी प्रचार किया गया। समाचार पत्रों ने भी फोरम के कार्यों को प्रकाशित व पढ़कर के स्थान दिया।

शुभकामनाएँ एवं राज्य फोरम की आगे अपेक्षा के साथ।

सुश्री निर्मल ग्रोवर